हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार, 24 जून 2024
[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]



## महर्षि वेदव्यास स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा का मामला

# टेट परीक्षा में लापरवाही, परीक्षार्थियों को 45 मिनट विलंब से मिली उत्तरपुस्तिका






हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित छग शिक्षक पात्रता परीक्षा में परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र व उत्तरपुस्तिका विलंब से देने का बड़ा मामला सामने आया है। ज्ञात हो कि पूरे प्रदेश भर में रविवार को व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा छग शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित की गई थी। महर्षि वेदव्यास स्नाकोत्तर महाविद्यालय भखारा में बनाये गए परीक्षा केंद्र में हजारों परीक्षार्थी सम्मिलित हुए थे। यहां परीक्षार्थियों को 45 मिनट विलंब से उत्तरपुस्तिका देने तथा निर्धारित समय-सीमा में उत्तरपुस्तिका लेने का मामला प्रकाश में आया है। इससे परीक्षार्थियों में मायूसी और आक्रोश पनपने लगा है ।

परीक्षार्थी प्रमोद साहू, विजय साहू ने बताया कि छग शिक्षक पात्रता परीक्षा में हमारा भविष्य टिका हुआ है लेकिन उत्तरपुस्तिका 45 मिनट विलंब मिलने के कारण बहुत सारे प्रश्न छूट गए। इस परीक्षा के लिए चयनित होने से वंचित हो सकते हैं। हमें 45 मिनट विलंब से उत्तर पुस्तिका मिली और समय होते ही उत्तरपुस्तिका ले ली गई। कई प्रश्नों को हल करने का समय नहीं मिला। उन्होंने शासन- प्रशासन से दोषी लोगों पर उचित कार्रवाई करने की मांग की। इस मामले में पर्यवेक्षक से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया लेकिन कोई संपर्क नहीं हो पाया।

# डॉ. मुखर्जी ने तुष्टिकरण की नीति का सदैव विरोध किया

- पुण्यतिथि पर भाजपाइयों ने प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



सिहावा विधानसभा के नगर पंचायत नगरी वार्ड क्रमांक 2 में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर भाजपाइयों ने माल्यार्पण किया। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ मुखर्जी ने कर्म क्षेत्र के रूप में 1939 से राजनीति में भाग लिया और आजीवन इसी में लग रहे। उन्होंने कांग्रेस, नेहरू जी और गांधी जी की तुष्टिकरण की नीति का सदैव खुलकर विरोध किया। यही कारण था कि उनको संकुचित सांप्रदायिक विचार का घोतक समझा जाने लगा।

पूर्व विधायक श्रवण मरकाम ने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति के नक्षत्र, अखिल भारतीय जनसंघ के संस्थापक तथा राजनीति व शिक्षा के क्षेत्र में सुविख्यात डॉ. मुखर्जी की 23 जून 1953 को मृत्यु की घोषणा की गई। बंगभूमि से पैदा डॉ. मुखर्जी ने अपनी प्रतिभा से समाज को चमत्कृत कर दिया था। बंगाल ने अनेक क्रांतिकारी को जन्म दिया है, उनमें से एक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी थे।

कार्यक्रम में जिला मंत्री राजेंद्र गोलछा, कमल डागा, मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा, नपं अध्यक्ष आराधना शुक्ला, नागेंद्र शुक्ला, अजय नाहटा, रामगोपाल साहू, हृदय साहू, नरेंद्र नाग, चेलेश्वरी साहू, भावेश चोपड़ा, नरेश गायकवाड़, बलजीत छाबड़ा, अश्वनी निषाद, सरजू सिन्हा, सुनील निर्मलकर, गुलाब भारती, कमलेश निषाद, राकेश साहू उपस्थित थे।

# अजय के जन्मदिन पर आज होगा पौधरोपण एवं रक्तदान

- ब्लाक शिक्षा विभाग एवं वन्देमातरम परिवार समिति ने किया है आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



24 जून को वंदेमातरम परिवार कुरुद के संरक्षक एवं विधायक अजय चन्द्राकर के जन्मदिन पर पिछले 20 वर्षों से निरंतर विविध कार्यक्रम कराने की परंपरा के अंतर्गत सामाजिक कार्यों के प्रति संकल्प दिवस के रूप में आज भी पौधरोपण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। ब्लाक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सुबह 10 बजे विधायक चन्द्राकर के मुख्य आतिथ्य में बीओ आफिस परिसर एवं विश्राम गृह परिसर की 62 जगहों पर पौधरोपण, विश्राम गृह हाल में ज़रूरतमंद मरीज़ों के लिए रक्तदान कार्यक्रम नगर क्षेत्रवासियों को समर्पित किया जायेगा। ब्लाक शिक्षा विभाग एवं वन्देमातरम परिवार समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में वन्देमातरम परिवार के समस्त सदस्य, सेवाभावी सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षा विभाग से जुड़े शिक्षकगण एवं नगर व क्षेत्र नागरिकों से उपस्थित होने की अपील भानु चन्द्राकर अध्यक्ष वन्देमातरम परिवार समिति कुरुद ने की है।

# जोरातराई के भाजपाइयों ने पंडित मुखर्जी को किया याद



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

ग्राम जोरातराई (अ) में श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान भाजपाइयों ने कहा कि कश्मीर के मुद्दे पर पंडित मुखर्जी हमेशा मुखर रहे। उनका एक ही मकसद कश्मीर को पाकिस्तान के आतंकवाद से मुक्त करना था।

इस अवसर पर रामस्वरूप साहू भाजपा जिला मंत्री, पूर्णिमा साहू पूर्व जनपद अध्यक्ष, गोविन्द सिंह राजपूत पूर्व सरपंच, बंशीलाल साहू, प्यारे पाल, धनसिंग साहू, प्रकाश निषाद, संतोष साहू, कामता साहू समेत बड़ी संख्या में भाजपाई उपस्थित थे।

Pride of Dhamtari







विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201






हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार, 24 जून 2024

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]




### खल्लारी थाना के मुंहकोट आमझर के जंगल में हुई पुलिस-नक्सली मुठभेड़

# मुठभेड़ में डीआरजी ने एक नक्सली को मार गिराया

**एसएलआर हथियार सहित बड़ी मात्रा में नक्सल सामग्री बरामद**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

नगरी ब्लाक के खल्लारी थाना क्षेत्र के ग्राम मुहंकोट-आमझर के जंगल में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर हुआ। घटनास्थल से एक अज्ञात नक्सली का शव, 1 नग एसएलआर हथियार सहित अत्यधिक मात्रा में नक्सल सामग्री बरामद की गई। वहीं नक्सली सुरक्षा बलों के बढ़ते दबाव को देखकर भाग गए।

उल्लेखनीय है कि अमरेश मिश्रा पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर के दिशा-निर्देश पर पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के कुशल नेतृत्व में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में 23 जून को डीआरजी नगरी की टीम नक्सल विरोधी अभियान पर थाना खल्लारी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मुंहकोट-आमझर के जंगल क्षेत्र की ओर गई थी। पुलिस अधीक्षक स्वयं नक्सल अभियान में शामिल होकर डीआरजी नगरी की टीम को कमांड कर रहे थे। डीआरजी के जवान जंगल-झाड़ियों की सर्चिंग करते हुए आगे बढ़ रहे थे तभी दोपहर 3:30 बजे ग्राम मुंहकोट-आमझर के जंगल के पास घात लगाए बैठे नक्सलियों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस अधीक्षक एवं डीआरजी टीम ने भी आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई की। अपने आप को घिरता हुआ देखकर नक्सली पहाड़ी की आड़ लेकर भाग गए। इसके बाद जवानों ने घटना स्थल की सर्चिंग की। इस दौरान एक अज्ञात नक्सली का शव, 1 नग एसएलआर, नक्सल साहित्य एवं दैनिक उपयोगी की सामग्री बरामद की गई।

## पाठक सूचना

धमतरी जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

**मो. 9826114710, 9993322768 9098324969**

# पहले कराया इलाज, अब विधिवत गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

पुलिस मुठभेड़ में घायल हुई महिला नक्सली मैंगो नुरेटी को पुलिस ने विधिवत गिरफ्तार किया है। घायल महिला का इलाज चल रहा था, अब वह स्वस्थ है।

नगरी सिहावा क्षेत्र में 13 अप्रैल को पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी, जिसमें नक्सली भागने में सफल हो गए। बाद में उड़ीसा, नवरंगपुर की पुलिस ने एक महिला नक्सली को पकड़ा था, जिसे आगे की कार्रवाई के लिए धमतरी पुलिस को सौंप दिया गया था। महिला नक्सली मुठभेड़ में बुरी तरह घायल थी, जिसका उपचार किया गया। करीब दो माह के उपचार के बाद वह स्वस्थ है। पुलिस ने विधिवत उसे गिरफ्तार कर लिया है।

## आवश्यकता है

### सूर्या मल्टी स्पेशिलिटी हॉस्पिटल

| क्र. | योग्यता | पद | सीट |
|---|---|---|---|
| 1 | B.Sc. Nursing | नर्सिंग | 15 |
| 2 | GNM | जनरल नर्सिंग | 15 |
| 3 | D. Pharma | फार्मेसी | 02 |
| 4 | X-Ray Tec. | टेक्नीशियन | 02 |
| 5 | Lab Tec. | टेक्नीशियन | 03 |
| 6 | OT Tec. | टेक्नीशियन | 03 |
| 7 | Computer Operator | ऑपरेटर | 02 |
| 8 | मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव | मार्केटिंग | 04 |
| 9 | सेक्रेटरी गार्ड एवं हेल्पर | 8वीं पास | 04 |
| 10 | वार्ड ब्वाय | 10वीं पास | 04 |
| 11 | कुक (रसोईया) | महिला | 04 |
| 12 | ड्राईवर (अनुभवी) | पुरुष | 04 |
| 13 | सफाई कर्मी | (महिला/पुरुष) | 05+05 |

इच्छुक आवेदक दिनांक 25.06.2024 सुबह 11 से दोपहर 03 बजे तक कम्प्लीट बायोडाटा के साथ संपर्क करें।

बस स्टैंड के बाजू में, मेन रोड चारामा, जिला- कांकेर (छ.ग.)
मो.- 9109542586, 9926843503, 9179676730

Rahul Travels

TODAY OFFER

50% Discount on One Way Taxi



| Dhamtari To | Zest | Crysta | Today Offer |
|---|---|---|---|
| Raipur Airport | 1499 | 2999 | 999 |
| Nagpur / Jabalpur/ Ambikapur | 4999 | 7999 | 2999 |
| Sambalpur / Bargarh / Blangir | 3999 | 7999 | 1999 |

RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd

Scan And Book
9926411411

RAIPUR : Near Raipur Airport , Mana Camp




24 जून
जीवेत शरदः शतम्
भूपेंद्र चन्द्राकर
श्री अजय चन्द्राकर जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ...
प्रवीण केला
विकास अग्रवाल
संजू चैनवानी
अशीम चन्द्राकर
सौरभ चन्द्राकर
गोविन्द तड़ानी
संजय ध्रुव
सुनील जैठानी
जितेन्द्र परमार
टीकम कटारिया
कृष्णकांत साहू
संजू चन्द्राकर
प्रमोद शर्मा
कमलेश रेड्डी
शरद पंडा
वीरेंद्र बैस
राकेश जैन
मोहन सुखरामनी
मनोज चन्द्राकर
कमलेश गांधी
विनीत- समस्त शुभचिंतक मूड फ्रेश चाय ग्रुप कुरुद


जीवेत शरदः शतम्
विकास से पर्याय, समय की कीमत समझने वाला सजग,
जागरूक जिसके सोच में असंभव का कोई स्थान नहीं है,
ऐसे आदरणीय बड़े भैया
अजय चंद्राकर जी
को जन्मदिन की
अशेष शुभकामनाएं
मा. अजय चन्द्राकर
विधायक कुरूद
श्रीमती पूर्णिमा साहू
पूर्व जनपद अध्यक्ष एवं
जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा धमतरी
श्री रामस्वरूप साहू
पूर्व जनपद उपाध्यक्ष एवं
भाजपा जिला मंत्री
श्री आनंद यदु
मंडल अध्यक्ष भखारा
श्री पुरषोत्तम चक्रधारी
सरपंच ग्राम पंचायत कचना
श्री चंदूलाल निषाद
सरपंच ग्राम पंचायत सिलतरा
श्री मनोज साहू
सरपंच प्रतिनिधि ग्रा.पं. नवागांव (क)
श्रीमती सुभद्रा साहू
सरपंच ग्राम पंचायत नवागांव (क)


24 जून
GREAT LEADER
दबंग छत्तीसगढ़िया, विकास पुरुष, जननेता, प्रेरणास्रोत
कुरूद में विकास की गंगा बहाने वाले
मान. अजय चन्द्राकर जी
को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं..
YUVRAJ CREATION 8871615700
भुपेन्द्र चन्द्राकर
अनुराग चन्द्राकर
ताजेन्द्र चन्द्राकर
पारस निर्मलकर
विवेक चन्द्राकर


24 जून
लोकप्रिय जनसेवक,
विधायक कुरूद, पूर्व मंत्री छ.ग. शासन
मा. अजय चंद्राकर जी
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं
श्री अजय चंद्राकर जी
कुरूद विधायक एवं पूर्व केबिनेट मंत्री छ.ग. शासन
श्रीमती मीनाक्षी साहू
सरपंच ग्राम पंचायत बगौद
लीलाराम साहू
सरपंच प्रतिनिधि
एवं
परिक्षेत्र साहू सामुदायिक भवन, शास.उच्च.माध्य. विद्यालय पुस्तकालय कक्ष,
ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन शेड (मणिकंचन)
का लोकार्पण समारोह में पधार रहे
मुख्य अतिथि - श्री अजय चंद्राकर जी विधायक एवं पूर्व केबिनेट मंत्री छ.ग. शासन
अध्यक्षता - श्रीमती मीनाक्षी लीलाराम साहू सरपंच ग्राम पंचायत बगौद
विशिष्ठ अतिथि - श्री तिलोकचंद जैन भाजपा महामंत्री, श्री कुलेश्वर चंद्राकर भाजपा मंडल अध्यक्ष कुरूद,
श्री बिसहतराम साहू वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता, श्री हीराराम साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति,
श्री मोहनलाल साहू सचिव ग्राम विकास समिति, श्री पीलाराम ध्रुव ग्राम पटेल, श्री घनश्याम चंद्राकर पूर्व सरपंच ग्रा.पं. बगौद
श्री होमेश साहू पूर्व सरपंच ग्रा.पं. बगौद, श्री झुरांगूराम साहू वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता, श्री भोजराम साहू वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता
श्री संतोष पाठक वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता, श्री हुकूम पटेल वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता
के गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न होगा।
:: कार्यक्रम ::
दिनांक - 24.06.2024, दिन सोमवार
समय - प्रात: 10 बजे
स्थान - मरादेव मंदिर प्रांगण बगौद
विनीत : समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत बगौद


क्षेत्र के विकास पुरुष
जननायक
पूर्व केबिनेट मंत्री एवं
विधायक कुरूद
आदरणीय
श्री अजय चंद्राकर जी
को जन्मदिन की
हार्दिक
शुभकामनाएं
जीवेत शरदः शतम्
मैं अपने भगवान से
आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु
जीवन की कामना करता हूं...
आनंद गांधी भाजपा नेता
एवं पूर्व सभापति जनपद पंचायत कुरूद
जिला धमतरी (छ.ग.)


बस्तर, महासमुंद, कांकेर लोकसभा में
एतिहासिक जीत का परचम लहराने वाले तेज तर्रार
जीवेत शरदः शतम्
24 जून
लोकप्रिय जन सेवक
श्री अजय
चन्द्राकर जी
को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ...
मा. श्री अजय चंद्राकर जी
विधायक कुरूद
पूर्णिमा साहू
पूर्व जनपद अध्यक्ष कुरूद
जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा
राम स्वरुप साहू
भाजपा जिला मंत्री
संकलनकर्ता : यशवंत गंजीर हरिभूमि संवाददाता कुरूद, मो. नं. 9826882770


24 जून
जीवेत शरदः शतम्
कुरूद क्षेत्र के लाड़ले सपूत
माटीपुत्र, कर्मयोद्धा
मा. अजय चंद्राकर जी
को
जन्मदिन की
ढेर सारी
बधाईयां
एवं
अशेष
शुभकामनाएं
नवलकिशोर केला
संरक्षक
अनिल बजाज
संरक्षक
सोमू देवांगन
संरक्षक
योगेन्द्र सिन्हा
अध्यक्ष
मा. अजय चंद्राकर जी
विधायक कुरूद
पूर्व केबिनेट मंत्री छ.ग. शासन
रोशन निर्मलकर
सदस्य
प्रसन्ना नायडू
सदस्य
विक्रांत सुखरामणि
सदस्य
धनेन्द्र बैस
कोषाध्यक्ष
रवि चंद्राकर
उपाध्यक्ष
विनीत : समस्त शुभेच्छुक व्यापारीगण कुरूद (छ.ग.)


मा. विष्णुदेव साय जी
मा. किरण सिंहदेव जी
मा. अरूण साव जी
मा. विजय शर्मा जी
मा. रूपकुमारी चौधरी जी
मा. रवि भगत जी
मा. नरेन्द्र मोदी जी
जीवेत शरद:शतम्
24 जून
निरंजन सिन्हा
वरिष्ठ भाजपा नेता एवं प्रभारी बस्तर संभाग सहप्रभारी
लोकप्रिय जनसेवक
विधायक कुरुद,
पूर्व कैबिनेट मंत्री छ.ग. शासन
मा. अजय चन्द्राकर जी
को जन्मदिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
BJYM
सत्यप्रकाश सिन्हा
प्रदेश प्रचार प्रसार प्रमुख
भारतीय जनता युवा मोर्चा छत्तीसगढ़


जन-जन के लाडले,
जननायक हमारे प्रेरणास्त्रोत
मा. अजय चन्द्राकर जी
को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनायें
सरपंच - नवागाँव उ
सरपंच - गोजी
सरपंच - कोकड़ी
सरपंच - दर्रा
सरपंच - कोर्रा
सरपंच - नारी
सरपंच - जुगदेही
सरपंच - धूमा
सरपंच - कुल्हाड़ी
सरपंच - कोडगाँव
सरपंच - सिलतरा
सरपंच - बगदेही
सरपंच - भेड़सर
सरपंच - परखन्दा
सरपंच - मंदरौद
सरपंच - जोरतराई
सरपंच - कुल्हाड़ी
सरपंच - सिंधौरीखुर्द
सरपंच - राखी
सरपंच - हथबंध
सरपंच - कन्हारपूरी
सरपंच - चिंवरी
सरपंच - सिर्वे
सरपंच - बंजारी
सरपंच - चारभाठा
सरपंच - कातलबोड़
सरपंच - खर्रा
सरपंच - मोंगरा
सरपंच - सिलिडीह
सरपंच - सेमरा सि
सरपंच - बानगर
सरपंच - दरबा
सरपंच - तर्रागोंदी
सरपंच - मेंडरका
सरपंच - गणेशपुर
सरपंच - कमरौद
सरपंच - चरमुड़िया
सरपंच - अछोटी
सरपंच - भेंडरवानी
सरपंच - कोडापार
सरपंच - कठौली
सरपंच - चरोटा
सरपंच - भइसबोड़
सरपंच - कुर्रा
सरपंच - गाड़ाडीह
सरपंच - सरबदा
सरपंच - भेंडरा
सरपंच - सुपेला
विनीत : समस्त सरपंचगण जनपद पंचायत कुरुद


जीवेत शरदः शतम
कुरूद के लाडले नेता, लोकप्रिय विधायक
अजय चंद्राकर जी
को जन्मदिन की
गाड़ा गाड़ा
बधाई एवं
शुभकामनाएं
अजय चन्द्राकर
विधायक कुरूद
पूर्व केबिनेट मंत्री
छग शासन
गौकरण साहू
भाजपा जिला उपाध्यक्ष
लोकेश साहू
जनपद सदस्य
थानेश्वर तारक
सरपंच ग्रा.पं. गोजी
दाऊ टकेश्वर चंद्राकर
ग्राम सिवनीकला
त्रिलोचन साहू
(अध्यक्ष)
भाजयुमो सिर्री मंडल
विनीत - भारतीय जनता पार्टी सिर्री मंडल कुरूद (छ.ग.)


लोकप्रिय जनसेवक, कुरूद विधायक
मा. अजय चंद्राकर जी
को जन्मदिन की बहुत बहुत
बधाई एवं शुभकामनाएं
जीवेत
शरदः
शतम
अजय चन्द्राकर
विधायक कुरूद
पूर्व केबिनेट मंत्री
छग शासन
मनीष साहू
सरपंच प्रतिनिधि
ग्राम पं. नवागांव
सरोज जयराम साहू
सरपंच
ग्राम पं. नवागांव
विनीत : समस्त ग्रामवासी, ग्राम पंचायत नवागांव (थुहा) कुरूद


जीवेत
शरदः
शतम्
24
जून
कुरूद के लाडले नेता, कुशल नेतृत्वकर्ता
मा. अजय चंद्राकर जी
को जन्मदिन की गाड़ा गाड़ा बधाई एवं शुभकामनाएं
अजय चन्द्राकर
विधायक कुरूद एवं पूर्व केबिनेट मंत्री
छग शासन
सागर साहू
मंत्री
भाजयुमो सिर्री मंडल
सौरभ श्रीवास
उपसरपंच
अछोटी
देशांत सिन्हा
महामंत्री
भाजयुमो सिर्री मंडल
विनीत : भारतीय जनता युवा मोर्चा सिर्री मंडल, कुरूद


हर हर महादेव समिति मेघा की ओर से
अजय चंद्राकर
(डाला भैया जी)
को जन्म दिवस पर
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
अजय चन्द्राकर
विधायक एवं पूर्व केबिनेट मंत्री
छग शासन
विनीत : हर हर महादेव समिति मेघा, वि.खं.-मगरलोड (छ.ग.)


अजय भैय्या
को जन्म दिवस की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
अजय चन्द्राकर
विधायक एवं पूर्व केबिनेट मंत्री
छग शासन
होरीलाल साहू
राजेश साहू
विरेन्द्र साहू
डॉ. दुर्गेश यादव


अजय भैय्या को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
जीवेत शरदः शतम
अजय चन्द्राकर
विधायक एवं पूर्व केबिनेट मंत्री
छग शासन
विजय यदु
अध्यक्ष, भाजपा मंडल मगरलोड

## बारिश का साइड इफेक्ट : सीमेंट-छड़ के दाम में आई थोड़ी नरमी

# बिल्डिंग मटेरियल के दाम बढ़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बारिश का मौसम शुरू होते ही ईंट, रेत, गिट्टी के दाम आसमान छूने लगे हैं। इससे भवन निर्माताओं का बजट बिगड़ गया है। उधर छड़, सीमेंट के दाम में थोड़ी नरमी आई है।

इस साल गर्मी में जमकर भवन निर्माण कार्य शुरू हुए हैं। इनमें से ज्यादातर निर्माण कार्य अभी भी चल रहे हैं। उधर बारिश लगने से भवन निर्माण सामग्रियों के दाम बढ़ गए हैं। जानकारी के अनुसार प्रति ट्रेक्टर ट्राली रेत पहले 900-1000 रूपए में मिलती थी, जो बढ़कर 1300-1400 रूपए हो गई है। सबसे ज्यादा महंगाई ईंट में देखने को मिल रही है। ईंट जो कभी प्रति ट्रेक्टर ट्राली 7500 रूपए थी वह आज 1200 रूपए तक पहुंच गई है। बिल्डिंग मटेरियल के दाम बढ़ने से भवन निर्माताओं का बजट बिगड़ गया है। कई निर्माताओं ने तो महंगाई को देखते हुए आधे में ही काम पर ब्रेक लगा दिया है। वहीं कई निर्माता कर्ज लेकर या इधर-उधर से फंड का जुगाड़ कर काम चला रहे हैं।



### इसलिए बढ़ी महंगाई

एनजीटी के नियमों के अनुसार 15 जून से सभी रेत खदानों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। रेत खदानें अवैध रूप से चल रही हैं। परिवहन भी धड़ल्ले से हो रहा है। उधर माइनिंग विभाग भी लगातार कार्रवाई कर रहा है। रेत निकासी के दौरान कार्रवाई, चालान पटाने से मटेरियल सप्लायरों का खर्च बढ़ गया है, जिसके चलते वे रेट बढ़ाकर भवन निर्माताओं को रेत बेच रहे हैं। वहीं बारिश के चलते ईंट भट्ठों में ईंट निर्माण भी बंद हो गया है। पुराना स्टाक को ईंट भट्ठा संचालक मुंहमांगे दाम में बेच रहे हैं।

### सीमेंट 290 तथा छड़ प्रति क्विंटल 5700 रूपए

रेत-ईंट में महंगाई के विपरीत सीमेंट-छड़ के दाम कम हुए हैं। एआर ट्रेडर्स के संचालक अमृत साहू ने बताया कि सीमेंट 300 रूपए प्रति पैकेट से घटकर 290 रूपए हो गया है। छड़ के दाम में अच्छी गिरावट दर्ज की गई है। 6100 रूपए प्रति क्विंटल से घटकर छड़ 5700 रूपए हो गया है। जानकारी के अनुसार गर्मी के कारण छड़ का निर्माण कम हो रहा था। अब निर्माण में तेजी आई है लेकिन डिमांड नहीं बढ़ी है, जिसके फलस्वरूप दाम कम हुए हैं।

# बारिश का अलग-अलग नजारा

## खंड वर्षा ने चौंकाया, शहर सूखा तो पास के गांवों में हुई वर्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

रविवार को बारिश का अलग-अलग नजारा रहा। कुछ दूर तक बारिश तो कुछ दूर पर सूखे ने लोगों को अचरज में डाल दिया। दिन के 11 बजे गंगरेल बांध क्षेत्र में घंटेभर जमकर बारिश हुई। गंगरेल निवासी कोमल साहू ने बताया कि वह 11 बजे धमतरी शहर जाने के लिए निकला था तभी बादल उमड़ पड़े और घंटे भर जमकर बारिश हुई। 12 बजे बारिश बंद होने के बाद शहर पहुंचा तो शहर में बारिश का नामोनिशान नहीं था। भटगांव निवासी डोमन ध्रुव ने बताया कि 12 से 1 बजे तक भटगांव में जोरदार बारिश हुई लेकिन इसका दायरा दो किमी तक था। खपरी निवासी राधेलाल ने बताया कि खपरी शहर से 3 किमी दूर है। यहां 12.30 बजे से 1.30 बजे तक जोरदार बारिश हुई। वह पूरी तरह से भीग चुका था। जब वह शहर पहुंचा तो लोग उसे देखकर दंग रह गये। शहर में पानी के छींटे तक नहीं पड़े थे।

### छग में सिस्टम तैयार, 26 से भारी बारिश



प्रदेश में भारी बारिश के लिए अलग-अलग तीन सिस्टम तैयार हो गये हैं। एक पूर्व-पश्चिम द्रोणिका मध्य राजस्थान के ऊपर स्थित चक्रवाती परिसंचरण से मध्यप्रदेश होते हुए छत्तीसगढ़ के दक्षिण तक समुद्र तल से 0.9 किमी की ऊंचाई पर है। एक चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण छत्तीसगढ़ के ऊपर 1.5 से 7.6 किमी की ऊंचाई पर स्थित है। यह दक्षिण-पश्चिम की ओर झुका हुआ है। एक द्रोणिका दक्षिण छग के ऊपर स्थित चक्रवाती परिसंचरण से दक्षिण महाराष्ट्र तक 3.1 किमी की ऊंचाई पर मौजूद है। इनके प्रभाव से सोमवार को प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। प्रदेश के एक-दो स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है। 26 जून से प्रदेश में वर्षा की गतिविधियां तेज होगी। अधिकतम तापमान 34 तथा न्यूनतम तापमान 26 डिग्री के आसपास बने रहने की संभावना है।

## पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में संदीप अव्वल

**धमतरी।** बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ श्रीदेवी चौबे के निर्देशन व राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की कार्यक्रम आधिकारी सहायक प्राध्यापक आकांक्षा मरकाम के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में महिला सशक्तिकरण के लिए योग थीम पर आधारित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। निर्णायक मंडल की भूमिका में सहायक प्राध्यापक आकांक्षा कश्यप, किशोर चेलक व गोविंद प्रसाद साहू थे। पोस्टर में प्रतिभागियों ने योग से होने लाभ, विभिन्न प्रकार के योगासनों और योग से विशेषकर महिलाओं को होने वाले लाभ को चित्रित किया। इस प्रतियोगिता में संदीप ने प्रथम, धन्वंतरि ने द्वितीय एवं लालिमा देवांगन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर रासेयो कार्यक्रम अधिकारी आकांक्षा मरकाम एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ स्वयंसेवक अपर्णा शर्मा, लीना गजेंद्र, विवेक साहू, विभा पाण्डे, रविकांत, खुशी, भूमिका, मिताली, माधुरी, संकल्प कश्यप, आर्यन सिन्हा, लोचन धुव्र, योगेंद्र निर्मलकर व अन्य स्वयंसेवक उपस्थित थे।







24 जून
जीवेत शरदः शतम्
छत्तीसगढ़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री
मा. अजय चंद्राकर जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाईयाँ
तिलोकचंद जैन
जिला मंत्री भाजपा धमतरी
मा. अजय चंद्राकर जी
विधायक कुरूद एवं पूर्व मंत्री छ.ग. शासन
शेषनारायण साहू
वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता
हीरामणि साहू
वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता
भोजराम साहू
मंडल महामंत्री भाजपा
पिछड़ा वर्ग मोर्चा भाजपा कुरूद


जीवेत शरदः शतम्
दृढ़ व्यक्तित्व के धनी, अपार ऊर्जा के स्त्रोत
प्रभावशाली कार्यसाधक
मा. अजय चंद्राकर जी
को जन्मदिन की
अनेकोनेक बधाई
हार्दिक शुभकामनाएं
मा. अजय चन्द्राकर
विधायक कुरूद विधानसभा
पूर्व मंत्री छ.ग. शासन
सविता गंजीर
सरपंच ग्रा.पं. जोरातराई (सि)
चोवाराम गंजीर
वरिष्ठ कार्यकर्ता भाजपा
खिलेश्वरी निषाद
सरपंच ग्रा.पं. सेमरा (सि)
कामता यादव
सरपंच प्रतिनिधि सेमरा
तारा राव
सरपंच ग्रा.पं. सिलौटी
रामचंद्र राव
सरपंच प्रतिनिधि सिलौटी
मालती साहू
सरपंच ग्रा.पं. तर्रागोंदी
गजेंद्र साहू
सरपंच प्रतिनिधि तर्रागोंदी
शुभेच्छुक – समस्त भाजपा कार्यकर्तागण जोरातराई, सेमरा, खपरी, सिलौटी, तर्रागोंदी, टिपानी


24 जून
जन-जन के लाडले, जननायक हमारे प्रेरणास्त्रोत
मा. अजय चन्द्राकर जी
को जन्मदिन
की हार्दिक शुभकामनाएं...
टिकेश साहू
महामंत्री भाजपा कुरुद
सरपंच ग्राम पंचायत नवागाँव उ
जागृति साहू
अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा कुरुद
विनीत : अमन ट्रेडिंग संजय नगर कुरुद

## खबर संक्षेप

### आमा तालाब सौंदर्यीकरण, उपमुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन



**रायपुर।** देवपुरी स्थित आमा तालाब में सीसी रोड निर्माण और सौंदर्यीकरण की मांग को लेकर आमा तालाब विकास एवं संरक्षण समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इसी दौरान प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि आमा तालाब क्रमांक 1 एवं क्रमांक 2 दोनों तालाब जो कि आसपास लगे हुए हैं, तालाब के चारों ओर सीसी रोड एवं पाथवे का निर्माण किया जाना है, जिससे लोगों को मॉर्निंग वॉक एवं इवनिंग वॉक की सुविधा मिल सके। इसकी लंबाई एवं चौड़ाई लगभग 6 मीटर प्लस 600 मीटर है। दोनों तालाब से देवपुरी बस्ती के अलावा टॉवर, हर्ष विला, देवनगर एवं माता कौशल्या विहार का आवासीय क्षेत्र लगा हुआ है। इसके अलावा दोनों तालाबों के चारों तरफ दो से तीन स्थान पर पचरी निर्माण की आवश्यकता है। जिस पर मंत्री ने उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। मुलाकात करने वालों में एनआर नायडू, हिरेंद्र देवांगन, ऋषि बारले, पीके साहू, आईपी खटीक, खेदूराम साहू, आरडी दाहिया, शंकर गिलहरे, गजेंद्र साहू, जियाउल हक, तिहारू साहू, वीरेंद्र यादव, बी. देवनाथ, उमेश साहू, गौकरण साहू, डीके सरकार एवं केके सिंह उपस्थित थे।

### पिछड़ा वर्ग आयोग में सदस्यों की नियुक्ति की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग अधिकारी-कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने पिछड़ा वर्ग आयोग में अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति की मांग मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से की है। इस मौके पर संघ के प्रांताध्यक्ष अनिल सिन्हा ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग, जो कि राज्य के पिछड़े वर्ग के नागरिकों के हितों के लिए गठित है, लंबे समय से अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति न होने से उनके पूर्व में लंबित प्रकरणों की सुनवाई नहीं हो पा रही है, वहीं व्यथित व्यक्ति नया आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। इसलिए राज्य के पिछड़े वर्ग के नागरिकों को शीघ्र न्याय मिल सके, इसे दृष्टिगत रखते हुए यथासंभव शीघ्र ही अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति करने की मांग की है।

### जागृति मंडल में मनाया समक्ष का स्थापना दिवस



**रायपुर।** डॉ. हेडगेवार जनशताब्दी समिति फिजियोथेरेपी सेंटर द्वारा संघ कार्यालय जागृति मंडल में गत दिनों समक्ष का 16वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में करीब 30-32 लोग शामिल हुए। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक पुरंदर मिश्रा ने समक्ष द्वारा दिव्यांगता के क्षेत्र में किए गए कार्यों की प्रशंसा की। इसी दौरान अतिथियों का परिचय दिया गया। कार्यक्रम में अविनाश चटर्जी, सतीश कुमार, डॉ. रोहन दीक्षित, डॉ. संगीता कश्यप, शिवनाथ ठाकुर, नरेंद्र जैन, रामजी राजवाड़े, पुरषोत्तम जैन आदि शामिल हुए।

# अब काजू ने खाया भाव, एक सप्ताह में दो सौ रुपए बढ़े दाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महंगाई है कि थमने का नाम नहीं ले रही है। एक तरफ दूध की कीमत में इजाफा होने के बाद जहां मिठाई कारोबारी मिठाई की कीमत में इजाफा करने की तैयारी में हैं, वहीं अब काजू की कीमत के भाव खाने के बाद काजू कतली की कीमत को लेकर भी मंथन किया जा रहा है कि इसकी कीमत में कितना इजाफा किया जाए। एक सप्ताह में काजू की कीमत दो सौ रुपए किलो बढ़ गई है। इसकी कीमत बढ़ने का कारण काजू के बीजों की कीमत बढ़ना बताया जा रहा है। इसी के साथ मखाना की कीमत भी दो सौ रुपए किलो बढ़ गई है।

### मिठाई कारोबारी काजू कतली की कीमत बढ़ाने की तैयारी में

**मखाना की कीमत भी बढ़ी**

मखाना की कीमत में भी इजाफा हो गया है। यह बिहार से आता है। एक सप्ताह पहले इसकी कीमत 600 से 700 रुपए थी, जो 900 रुपए हो गई है, कारोबारियों के मुताबिक ड्राई फ्रूट्स की कीमत में अब दीपावली तक कमी की कोई संभावना नहीं है। आने वाले समय में दूसरे आइटमों की कीमत में भी इजाफा होगा।



**बीज की कीमत बढ़ने का असर**

काजू का बीज जहां ब्राजील से आता है, वहीं कर्नाटक से भी बीज आता है। इसकी कीमत में इजाफा होने के कारण काजू की कीमत एक सप्ताह में करीब दो सौ रुपए किलो तक बढ़ गई है।

- अजय कृष्णानी, थोक कारोबारी

ड्राई फ्रूट्स की कीमत काफी समय से नहीं बढ़ रही थी, लेकिन अब इसकी कीमत में भी तेजी आने का क्रम प्रारंभ हो गया है। अभी काजू की कीमत में इजाफा हुआ है। काजू कतली के उपयोग में आने वाला टूटा काजू जो बीते सप्ताह थोक में 55 सौ रुपए दस किलो था, वह 75 सौ रुपए हो गया है। इसी के साथ खाने के काम में आने वाला छोटी साइज का काजू थोक में दस किलो जो पहले 58 सौ रुपए था, वह अब 75 सौ रुपए हो गया है। यह चिल्हर में 200-220 रुपए पाव और 850 सौ रुपए किलो बिक रहा है। जयपुर का बड़ी साइज का काजू जो पहले 950-1000 रुपए किलो था, वह अब 12 से 13 सौ रुपए किलो हो गया है। यह चिल्हर में 15 सौ रुपए तक बिक रहा है।

## शिकायत : लाइन लगाने के बाद भी बैरंग लौट रहे कार्डधारी

# आधी-अधूरी तैयारी के साथ बांट रहे नए राशनकार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में लोकसभा चुनाव के बाद नए राशनकार्ड वितरण का कार्य जोन और वार्डों के माध्यम से शुरू हो गया है, पर आधी-अधूरी तैयारी के साथ नए राशनकार्ड वितरण करने से आम उपभोक्ता परेशान है। लाइन लगाने के बाद नंबर आने पर राशनकार्ड बनकर नहीं आने की शिकायत मिलने लगी है। नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे के वार्ड में इस तरह की कई शिकायतें आई हैं। उन्होंने जब संबंधित विभागीय अधिकारी से जानकारी ली तो पता चला कि शहर में आधे से अधिक राशनकार्ड खाद्य विभाग से बनकर नहीं आये।

विदित हो कि शहर में राशनकार्ड वितरण व्यवस्था लचर होने से लोग परेशान हैं। महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड के राशनकार्ड पूरे बनकर नहीं आये। आउटर के वार्डों में अभी तक खाद्य विभाग से पीडीएफ नहीं मिलने से राशनकार्ड का वितरण शुरू नहीं हो पाया है।

**खास बातें**

- आधे से अधिक कार्ड बनकर नहीं आये
- नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने कहा मजाक बना दिया



नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने इस पर नाराजगी जताते हुए कहा है राशनकार्ड वितरण को जनता के लिए मजाक बनाते हुए आधी अधूरी तैयारियों के साथ राशनकार्ड का वितरण वार्डों में प्रारंभ कर दिया गया है। यह पूरी तरह गलत है। वास्तविकता यह है कि आधे से अधिक राशनकार्ड तो खाद्य विभाग से बनकर ही नहीं आये।

**कार्ड बांटने गिनती के कर्मचारी**

राशनकार्ड वितरण स्थल पर अव्यवस्था का आलम देखने को मिल रहा है। शहर के अंदरूनी और आउटर के वार्डों में हजारों कार्ड बांटने के लिए सिर्फ एक या दो कर्मचारी ही उपलब्ध हैं। इसके अलावा परिसीमन के बाद जो नये वार्ड बने हैं, वह भी अपडेट नहीं किया गया है।

अधिकारियों का कहना है खाद्य विभाग द्वारा नवीन राशनकार्ड का पीडीएफ पेन ड्राइव में दे दिया जा रहा है, इसके बाद नगर निगम के जोन में उसे प्रिंट कराना, कवर लगाना, स्टेपलर करना, सील लगाना तथा उसे अल्फाबेट अनुसार जमा कर वितरण किया जाना काफी पेचीदा काम हो गया है।

नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने दो टूक शब्दों में कहा है कि जब तक खाद्य विभाग और नगर निगम नए राशनकार्ड की प्रक्रिया को पूर्ण नही कर लेते, तब तक जनता को पुराने राशनकार्ड से ही राशन वितरण करना पडेग़ा। ऐसा नहीं होने पर जनता के साथ जनप्रतिनिधि आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। नगर निगम आयुक्त से उन्होंने आग्रह किया कि नये राशनकार्ड बनाने और वितरण करने में आ रही व्यवहारिक दिक्कतों को तत्काल दूर किया जाये।

# जीएसटी काउंसिल ने चैंबर की मांग पर लिए अहम निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

जीएसटी काउंसिल की बैठक में शनिवार को कई अहम निर्णय लिये गये। इसमें 2017-18, 2018-19, 2019-20 के लिए डिमांड नोटिस 31 मार्च 2025 तक टैक्स चुकाने पर ब्याज और जुर्माना माफ कर दिया है। इसी तरह फाइलिंग में संशोधन करना अब आसान कर दिया है। यही नहीं, ब्याज के ग ण ना प्रावधान में परिवर्तन हुआ है। इसे लेकर चैंबर के प्रतिनिधिमंडल ने केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण और वित्त वाणिज्य कर मंत्री ओपी चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

- फाइलिंग में संशोधन आसान, ब्याज की गणना प्रावधान में परिवर्तन

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव ने बताया, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और वित्त वाणिज्य कर मंत्री ओपी चौधरी को पत्र के माध्यम से सुझाव प्रेषित किया गया था। इस पर ध्यान देते हुए व्यापारी हित में निर्णय लिये गये।

इसमें धारा 73 के तहत मामलों के लिए ब्याज और जुर्माना माफ करने की सिफारिश की गई है। वित्त मंत्री ने 2017-18, 2018-19, 2019-20 के लिए डिमांड नोटिस 31 मार्च 2025 तक टैक्स चुकाने पर ब्याज और जुर्माना माफ कर दिया है। फाइलिंग करना अब आसान हो गया है। करदाताओं को जीएसटी-1 में घोषित या घोषित राशि में संशोधन करने या जोड़ने की अनुमति देने के लिए परिषद ने जीएसटी-1 फॉर्म के माध्यम से एक नई प्रक्रिया लाई है। जीएसटी कर प्रणाली में ब्याज गणना के प्रावधान में परिवर्तन कर देय तिथि तक इलेक्ट्रॉनिक कैश लेजर में उपलब्ध राशि पर ब्याज नहीं लिया जाएगा। पूर्व में यह केवल क्रेडिट लेजर के लिए उपलब्ध था। इससे करदाताओं को राहत मिलेगी।



### मंडी शुल्क में छूट को लेकर कृषि मंत्री से की मुलाकात

चैंबर प्रतिनिधिमंडल ने कृषि मंत्री रामविचार नेताम से मुलाकात कर ट्रेडर्स व्यापारियों, किराना, दलहन और अनाज पर मण्डी शुल्क सहित कृषक कल्याण शुल्क में छूट प्रदान करने की मांग की। इसी तरह धान आधारित पोहा उद्योगों को राहत देने का आग्रह करते हुए अनुरोध पत्र सौंपा है। कृषि मंत्री ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए उचित कदम उठाने की बात कही।

इस अवसर पर चैंबर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी,कार्यकारी विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, उपाध्यक्ष टी. श्रीनिवास रेड्डी, मंत्री-नीलेश मूंदड़ा, जवाहर थौरानी, जयंत मोहता, छत्तीसगढ़ पोहा मुरमुरा उत्पादक महासंघ भाटापारा से अनिल रोचलानी, प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# पंडरी बस स्टैंड की रिक्त जमीन पर जेम्स एंड ज्वेलरी पार्क बनाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के डिप्टी सीएम अरुण साव से शनिवार को प्रदेश के सराफा कारोबारियों ने मुलाकात कर पंडरी बसस्टैंड की खाली जमीन पर जेम्स एंड ज्वेलरी पार्क बनाने की मांग की। रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने कहा, चूंकि यह शहर के बीच व सुरक्षित क्षेत्र में है, इसलिए इस भूमि पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर के जेम्स एवं ज्वेलरी पार्क का निर्माण होता है, तो इससे शासन के राजस्व में वृद्धि एवं सराफा व्यवसाय के विस्तार की संभावना बढ़ेगी।

- सराफा कारोबारी मिले डिप्टी सीएम अरुण साव से

श्री मालू ने बताया, वर्तमान में यह भूमि लगभग 8.50 एकड़ है इसके लिए पूर्व में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जेम्स एवं ज्वेलरी पार्क के लिए योजना बनाई गई थी और इसके लिए छत्तीसगढ़ औद्योगिक केंद्र विकास निगम द्वारा सारी औपचारिकताएं पूर्ण कर योजना को कार्यशील करने धरातल पर लाया गया था, किंतु अपरिहार्य कारणों से नहीं हो पाया।

अब इसी स्थान पर जेम्स एवं ज्वेलरी पार्क का निर्माण करने की मांग रखी गई है। श्री साव से मिले प्रतिनिधिमंडल में कमल सोनी, प्रकाश गोलछा, हर्षवर्धन जैन, पवन सोनी, गौतम लोढ़ा, संजय कानूगा, प्रकाश सोनी, विजय सोनी व अन्य सराफा कारोबारी शामिल थे।

# शहरभर में कई संस्थाओं ने मनाया योग दिवस

### योग प्रशिक्षुओं ने आस्था का किया सम्मान



**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल की योग समिति की प्रभारी द्वारा कई महीनों से प्रतिदिन योग की ऑनलाइन क्लासेस चलाई जा रही है। चौबे कॉलोनी स्थित मंडल के संत ज्ञानेश्वर सभागृह में शुक्रवार को योग दिवस के सफलतम आयोजन के बाद योग प्रशिक्षुओं ने आस्था काले को विभिन्न उपहार और पौधे सौंपकर अभिनंदन किया। योग समिति प्रभारी आस्था काले प्रतिदिन सुबह 6.15 से 7.15 बजे तक निशुल्क ऑनलाइन योग क्लासेस चला रही हैं। आस्था का अभिनंदन करने के लिए योग प्रशिक्षु शिल्पा चांदोकर, प्रणिता नलगुंडवार, अर्चना जतकर, लीना केलकर, डॉ. अलखनंदा नारद, दीपांजलि भालेराव और संध्या खंगन उनके बूढ़ापारा स्थित निवास पर जुटीं।

### योग से होने वाले फायदे की दी जानकारी

**रायपुर।** विश्व योग दिवस के अवसर पर केयर स्किल फाउंडेशन द्वारा ग्राम पंचायत धनेली स्थित शासकीय नवीन प्राथमिक शाला में योग कार्यक्रम हुआ। योग कार्यक्रम में लोगों को योग के महत्व और दैनिक जीवन में उससे होने वाले फायदे के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर स्कूल के प्रधान पाठक श्री वर्मा सर व ग्रामवासियों के साथ केयर स्किल फाउंडेशन के अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू, विजय कुमार निषाद सहित शशिकांत साहू, सनील जांगड़े, चेतना साहू, शिखा साहू व रेणुका वर्मा, विनोद साहू, चमन पटेल, दिलीप साहू, हेम साहू, प्रियांश कुमार निषाद, अवेंद्र, प्रकाश चंद कुर्रे, एम. लीलेश आदि उपस्थित रहे।



### योगाभ्यास से होती है शारीरिक क्षमता में वृद्धि

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बेटी बचाओ मंच भाठागांव ने ढेबर सिटी गार्डन में महिलाओं द्वारा चलाए जा रहे योग प्रशिक्षण में भाग लिया। इस अवसर पर मंच के प्रदेशाध्यक्ष ललित मिश्रा ने कहा कि नियमित योगाभ्यास हमारी शारीरिक तथा मानसिक क्षमताओं में वृद्धि करता है, जिससे व्यक्तित्ववान समाज स्थापना को बल मिलता है। ऐसे स्वस्थ समाज से उन्नत राष्ट्र का निर्माण होता है। इस प्रकार योग के माध्यम से हम देश के विकास की मुख्यधारा में जुड़ते हैं। योग प्रशिक्षिका अंजलि साहू, संदीप साहू, मंच पदाधिकारी नूरजहां, नमिता राठौर, आशा रिछारिया, रूपाली अग्रवाल, कामिनी पाल, राजकुमारी दीवान, आनंदिता, सरिता, अदिति साहू, गायत्री साहू, गुलाब साहू, मोहन दास सहित नागरिक शामिल हुए।



# देर रात तक हुई बूंदाबांदी, पाटन सहित कई इलाकों में भारी बारिश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सरगुजा को छोड़कर राज्य में सक्रिय हो चुके मानसून के प्रभाव से बारिश का दौर प्रारंभ हो चुका है। शुक्रवार रात राजधानी में काफी देर बूंदाबांदी का दौर चलता रहा। पाटन सहित कई इलाकों में भारी बारिश भी हुई। अगले तीन दिन में छिटपुट वर्षा सीमित दायरे में होगी।

- 26 के बाद असर दिखाएगा बंगाल की खाड़ी का तगड़ा सिस्टम

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि बंगाल की खाड़ी में बनने वाले सिस्टम का प्रभाव 26 जून के बाद नजर आएगा। उस दौरान राज्य में व्यापक रूप से बारिश होने की संभावना बन रही है। अभी मानसून के प्रभाव से केवल सरगुजा दूर है और शेष इलाकों में वर्षा का दौर जारी है। राजधानी रायपुर में शुक्रवार शाम सात बजे से बूंदाबांदी शुरू हुई जो देर रात तक चलती रही। दूसरी ओर कई इलाकों में छाए बादल जमकर बरसे। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार पाटन में सर्वाधिक दस सेमी., गुंडरदेही में 9, भाटापारा में 7 उसूर और बालोद में 6 तथा डेढ़ सौ से अधिक स्थानों पर अच्छी से मध्यम वर्षा का दौर चलता रहा। मौसम विशेषज्ञों ने बताया कि अभी दक्षिण पश्चिम मानसून की उत्तरी सीमा नवसारी, जलगांव, मण्डला, पेण्ड्रारोड, झारसुगड़ा, बालासोर, हल्दिया, पकुर, साहिबगंज, और रक्सौल है। एक पूर्व-पश्चिम द्रोणिका उत्तर-पश्चिम उत्तर प्रदेश से उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण अंदरूनी ओडिशा और उससे लगे छत्तीसगढ़ के ऊपर मौजूद है।

# यात्रियों को समोसा और थेपला पसंद नहीं, बासी खाने और चीटियों से भी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वंदे भारत एक्सप्रेस में यात्री को परोसे गए शाकाहारी भोजन में कॉकरोच निकलने के बाद ट्रेनों में खाने की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठने लगे हैं। इस मामले में आईआरसीटीसी ने फर्म पर जुर्माना लगाते हुए यात्री से माफी तो मांग ली, लेकिन अब रेलवे द्वारा परोसे जा रहे खाने पर से यात्रियों का विश्वास उठ गया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में अभी तक खाने को लेकर शिकायत में बीते कुछ सालों में इजाफा हुआ है। औचक जांच में भी अधिकारियों ने पेंट्रीकार में अनियमितता पाई है। हरिभूमि ने जब शिकायतों की पड़ताल की, तो पता चला कि स्टेशन में यात्रियों को समोसा और पैकेट में थेपला तथा सैंडविच पसंद नहीं। यात्रियों की शिकायत रही है कि पैकेट खाने से स्मेल आती है। इसके अलावा ट्रेनों में भी यात्रियों ने गर्म ताजा खाना नहीं मिलने और खाने में चीटी होने की भी शिकायत रेल मदद से मिली है। ट्रेनों में बासी खाने के साथ गुणवत्ता विहीन खाद्य सामग्री की सप्लाई की शिकायत बढ़ने के बाद अब लोगों ने बाहर से खाना मंगाना शुरू कर दिया है। ई-केटरिंग और पेंट्रीकार से खाना की मांग अब कम होती जा रही है।

- स्टेशन से लेकर ट्रेनों में खाने को लेकर थोक में शिकायत, यात्रियों ने कहा- गुणवत्ता विहीन खाद्य सामग्री की सप्लाई न करें

**ट्रेन में खराब बिस्किट और मिक्चर भी पसंद नहीं**

चलती ट्रेन में रेलवे के अधिकृत वेंडर द्वारा यात्रियों को बेची जा रही खाद्य सामग्री की शिकायत सामने आई है। बीते दो से तीन सालों में रेल मदद ऐप के जरिए बिस्किट और मिक्चर को नापसंद बताया है। शिकायत में यात्रियों ने गुणवत्ता विहीन चिप्स देने के साथ बदबू आने की भी बात कही है। छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, अमरकंटक और हावड़ा-अहमदाबाद के साथ लंबी दूरी की ट्रेनों में इस तरह की शिकायत ऑनलाइन दर्ज करवाई है।



**ठंडा समोसा और सड़े आलू बिगाड़ रहे सेहत :** प्लेटफार्म पर ठंडे समोसे, कचौड़ी और अवैध रूप से यात्रियों को परोस रहे अंडा बिरयानी यात्रियों का स्वाद और सेहत दोनों बिगाड़ रहे हैं। स्टेशन में अंडा बिरयानी प्रतिबंधित होने से इसे चोरी छिपे बेचा जाता है, जिसे यात्रियों ने नापसंद किया है। रायपुर स्टेशन में यात्रियों की ओर से शिकायत रही है कि समोसा बनाने के लिए खराब हो चुके आलू का उपयोग हुआ है। प्लेटफार्म पर ठंडा समोसा ही परोसा जाता है, जो एक दिन खत्म नहीं होने पर दूसरे दिन गर्म करके भी परोसते हैं। इस वजह इसका स्वाद भी बदल जाता है। स्टेशन में समोसा, कचौड़ी जांच में अमानक पाए गए हैं। इसके अलावा प्लेटफार्म पर पैकेट में थेपला मिलता है, जो तीन से चार दिन के बाद एक्सपायर हो जाता है। इसे बेचने को लेकर शिकायत मिली है। दो सालों से स्टेशन प्रबंधक को दर्जनों शिकायत ऑनलाइन मिली हैं।

**गर्म खाना नहीं मिलने की सर्वाधिक शिकायत :** चार साल पहले हावड़ा-अहमदाबाद ट्रेन में परोसे गए खाना में रेलवे प्रशासन की बड़ी लापरवाही सामने आई थी। कर्मचारियों ने एक यात्री को कॉकरोच वाला खाना परोस दिया था, जिसकी शिकायत डोगरे दंपत्ति ने की थी। वहीं, ट्रेन में कीड़ा वाला खराब खाना मिलने से यात्रियों में हड़कंप मच गया था। वर्तमान में यात्रियों को ट्रेन में ताजा और गर्म खाना नहीं मिलने को लेकर शिकायत सर्वाधिक है।

# मवेशी कारोबारियों की पीट पीटकर हत्या के मामले में पुलिस ने की पहली गिरफ्तारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आरंग थाना क्षेत्र में छह-सात जून की दरमियानी रात तीन मवेशी कारोबारियों की भीड़ द्वारा पीट पीटकर हत्या करने के मामले में गठित एसआईटी टीम ने शनिवार को पहली गिरफ्तारी की है। हत्या के आरोपी को पुलिस ने दुर्ग स्थित बोरसी गांव से गिरफ्तार किया है। हत्या का आरोपी पुलिस से बचने अपनी महिला मित्र के घर छिपा हुआ था। पुलिस ने आरोपी को तकनीकी साक्ष्य के आधार पर गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक उत्तरप्रदेश, सहारनपुर निवासी ट्रक ड्राइवर चांद मियां, गुड्डू खान तथा सद्दाम की हत्या के आरोप में बैजनथापारा निवासी हर्ष मिश्रा को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार हर्ष पर हत्या की घटना में शामिल होने का पहले से शक था। हर्ष पर पुलिस नजर रखे जाने का दावा कर रही है। सद्दाम की मौत के बाद हर्ष बुरी तरह से डर गया और उसे अपने पकड़े जाने का भय सताने लगा। पुलिस से बचने हर्ष दुर्ग स्थित अपनी महिला मित्र के यहां चला गया और वहां अपने आपको एक कमरे में बंद कर बाहर से ताला लगवा दिया।



**जांच करने पुलिस टीम पहुंची ओडिशा बार्डर**

मामले की पड़ताल करने पुलिस की टेक्निकल टीम घटना के बाद से तकनीकी साक्ष्य जुटाने की कोशिश में जुटी हुई है। घटना के बाद से पुलिस की एक टीम मामले की पड़ताल करने महासमुंद के रास्ते ओडिशा बार्डर पहुंची हुई है। पुलिस इस बात की जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है कि ट्रक किस रास्ते से और कहां-कहां गया है। पुलिस को मवेशी कारोबिरियों की पहले से पीछा किए जाने की आशंका है, इसी के चलते पुलिस की तकनीकी टीम सीसीटीवी फूटेज की पड़ताल करते हुए ओडिशा बार्डर तक पहुंची।

खबर संक्षेप

## मोदी सरकार देशवासियों की उम्मीदों पर उतर रही खरा : गोलछा



**धमतरी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार तरक्की की ओर अग्रसर है वहीं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में सुशासन स्थापित हो रहा है। छत्तीसगढ़ विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। उक्त बातें जिला भाजपा कार्यालय प्रभारी राजेश गोलछा ने कही। श्री गोलछा ने आगे कहा कि देश की जनता ने लगातार तीसरी बार नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाया है । इससे स्पष्ट है कि बीते 10 सालों के कार्यकाल से देश की जनता प्रसन्न है। तीसरे कार्यकाल में भी मोदी सरकार देशवासियों की उम्मीदों पर खरा उतरेगी। इसी प्रकार राज्य की विष्णुदेव साय सरकार में सुशासन स्थापित हो रहा है। प्रदेश में सभी वर्ग के हित के लिए कार्य हो रहे हैं। श्री गोलछा ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री श्री साय ने धमतरी में करोड़ों के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। मोदी 3.0 में भी अन्नदाताओं की आय बढ़ाए जाने के सभी प्रयास किए जा रहे हैं।

## नियमित योग से शरीर स्वस्थ व निरोगी रहता है

**धमतरी।** शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योग का प्रदर्शन प्रातः 7 बजे से 8 बजे तक किया गया। योगाभ्यास ललित साहू योग प्रशिक्षक धमतरी एवं एनएसएस की छात्रा राजेश्वरी बीकॉम भाग 3 द्वारा कराया गया। इसका मुख्य उद्देश्य योग के प्रति जन जागरूकता लाना तथा इसके माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक रोगों में होने वाले लाभ से परिचय कराना है। प्राचार्य डॉ. डीआर चौधरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि शरीर, मन और आत्मा को हर स्तर पर स्वस्थ रहने के लिए योग का विशेष महत्व है । नियमित योग से शरीर स्वस्थ व निरोगी रहता है। हमें नियमित योगाभ्यास करना चाहिए। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. जे.एल. पाटले ने भी योग करने से होने वाले लाभ के बारे में बताया। कहा कि योग के नियमित अभ्यास से व्यक्ति पूरी तरह स्वस्थ एवं निरोगी रह सकता है। इस अवसर पर डॉ. रोहिणी मरकाम, ओपी चन्दे, डॉ. सीएस बांधे, दामिनी ठाकुर, रोली जांगड़े, डीपी गोस्वामी, एके नेताम, मोनिका बघेल, पुरूषोत्तम नाग, रमेश्वरदास घोघरे, सुकमन नेताम, भूपेन्द्र यादव, घनश्याम साहू समेत महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित थीं।

## सार्वजनिक शराबखोरी एक युवक पकड़ाया

**कांकेर।** कच्चे चौकी अंतर्गत कालगांव से सिवनी जाने वाले मार्ग पर शराब का सेवन कर रहे आरोपी कालागांव निवासी 40 वर्षीय मंगेश कुमार संघोड़िया पिता स्व. राजूराम को पकड़ा। पुलिस के अनुसार आरोपी सार्वजनिक स्थान पर 22 जून को शाम 4 बजे शराब का सेवन करते पाया गया। आरोपी के कब्जे से देशी प्लेन शराब और डिस्पोजल गिलास को जप्त कर धारा 36 (च) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## नाबालिग लड़के ने घर में फांसी लगा की खुदकुशी

**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत अन्नपूर्णापारा कांकेर निवासी 16 वर्षीय दिपांशु पटेल पिता कमलेश ने 22 जून को सुबह 7 से 8 बजें के बीच घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। शांति नगर कांकेर निवासी 31 वर्षीय दुर्गेश ठाकुर ने पुलिस को बताया कि मृतक ने अपने घर के दरवाजा को अंदर से बंद करके कमरे में दुपट्टा से फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक द्वारा आत्महत्या करने के कारणो का अभी पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में जुटी हुई है।

**घायल महिला की अस्पताल में मौत**

**कांकेर।** परतापुर थानांतर्गत कुली निवासी 65 वर्षीय सुमीता बाई पिता चैतूराम का ईलाज के दौरान रायपुर के डीकेएस अस्पताल में मौत हो गया। जानकारी के अनुसार मृतक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गई थी।

### जिले के 31 केन्द्रों में शांतिपूर्ण हुई परीक्षा, कहीं भी नकल प्रकरण नहीं आया

# 10 हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने दिलाई टेट परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

व्यवसायिक परीक्षा मंडल की ओर से रविवार को टेट-शिक्षक पात्रता परीक्षा परीक्षा आयोजित की गई। इसके लिए जिले में 31 केन्द्र बनाए गए थे। परीक्षा सुबह 9 से 12.15 बजे, दोपहर 2 से 4.45 बजे तक दो पाली में हुई। दोनों पाली में लगभग 10324 लोगों ने परीक्षा दिलाई। 4483 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

परीक्षा समन्वयक प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे ने बताया कि परीक्षा के लिए 14807 अभ्यर्थियों का नाम पंजीकृत था। संख्या को देखते हुए शहर सहित आसपास के गांवों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया था। परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से हुई। कहीं भी नकल या अन्य प्रकरण सामने नहीं आया। इसके अलावा रविवार को ही पीपीटी की परीक्षा सुबह 9 से 12.15 बजे तक हुई। इसके लिए पांच केन्द्र बनाए गए थे। परीक्षा के लिए 1049 परीक्षार्थियों का पंजीयन था, जिसमें से 402 ने परीक्षा दिलाई, 647 अनुपसस्थित थे। चूंकि टेट और पीपीटी परीक्षा का समय सुबह ही था इसलिए पीपीटी के लिए भखारा, डोमा, देमार, लोहरसी के स्कूलों को भी परीक्षा केन्द्र बनाया गया था। पीपीटी के लिए छात्र-छात्राओं ने रूचि नहीं दिखाई, आधे से ज्यादा अनुपस्थित रहे।



**पूछे गए प्रश्न सरल पर घुमावदार थे**

टेट परीक्षा दिलाकर बाहर निकले शुभांकर साहू, छाया साहू, अनिकेत साहू, वर्षा कामड़े, प्रेमलता मानिकपुरी ने बताया कि परीक्षा में पूछे गए प्रश्न सरल थे परंतु घुमावदार होने की वजह से समय अधिक लगा। प्रश्न में बाल विकास, हिन्दी, अंग्रेजी, गणित तथा पर्यावरण से संबंधित जानकारी पूछी गई। सभी के अंक 30-30 नंबर थे। टोटल 150 प्रश्न के लिए 150 नंबर था। ऋणात्मक मूल्यांकन नहीं था। पेपर ए, बी, सी, डी चार सेट में था। उन्होंने बताया कि प्रश्नों में भाषायी कौशल के आंकलन के संबंध में सत्य क्या है, लेखन कौशल के समुचित आंकलन के लिए सबसे उपयुक्त विधि, बच्चे कौन से उम्र तर्क करने सक्षम होते हैं। बच्चों में भाषा अर्जन की क्षमता कब आती है। मुझे चाय एक गरम कप चाहिए शुद्ध बनाईये, यदि वर्षा होगी तो फसल अच्छी होगी कौन सा वाक्य है, शब्द के पहले लगने वाले शब्द को क्या कहते हैं। थोड़ा का पर्यायवाची शब्द, शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 का उद्देश्य, वंचित पृष्ठभूमि के बच्चों की जरूरतों को पूरा करने क्या चाहिए, एक विशेष शिक्षक की जिम्मेदारियां क्या है, किशोरावस्था का क्या काल है, सहित अन्य प्रश्न पूछे गए थे।

**ये थे परीक्षा केन्द्र**

परीक्षा के लिए पीजी कालेज धमतरी, गर्ल्स कालेज धमतरी, ब्वायज स्कूल धमतरी, निगम स्कूल धमतरी, शासकीय स्कूल गोकुलपुर, एमआरडी स्कूल बठेना, मेनोनाईट इंग्लिश स्कूल, सर्वोदय स्कूल, मॉडल इंग्लिश स्कूल, विद्याकुंज स्कूल लोहरसी, सेंट जेवियर्स स्कूल धमतरी, मेनोनाईट हिन्दी स्कूल, सर्वोदय इंग्लिश स्कूल, सशिमं आमातालाब, आत्मानंद स्कूल हटकेशर, नूतन स्कूल धमतरी, शासकीय स्कूल आमदी, काम्पटेक कालेज सोरिद, शासकीय स्कूल कुकरेल, शासकीय कालेज भखारा, शासकीय स्कूल भखारा, शासकीय स्कूल डोमा, शासकीय स्कूल देमार, शासकीय स्कूल सोरम, शासकीय स्कूल लोहरसी, शासकीय स्कूल खरतुली, डीपीएस सांकरा, शासकीय स्कूल छाती, गर्ल्स कालेज धमतरी, शासकीय स्कूल रूद्री, छग महतारी कालेज भखारा को परीक्षा केन्द्र बनाया गया था।

## पदाधिकारियों ने बगैर किसी भेदभाव के कार्य करने की ली शपथ



- डोमा परिक्षेत्र साहू समाज का हुआ शपथ ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

डोमा परिक्षेत्र साहू समाज अंतर्गत विभिन्न ग्रामीण अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह ग्राम डोमा में हुआ। साहू समाज की कुलदेवी मां कर्मा की पूजा अर्चना पश्चात कार्यक्रम आरंभ हुआ। मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू एवं विशेष अतिथि जिला पंचायत सभापति गोविंद साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अमरदीप साहू, पूर्व जनपद सदस्य दयाराम साहू, समाज के अध्यक्ष प्रहलाद साहू थे। निर्वाचित पदाधिकारियों ने साहू समाज के नियमों के अनुसार बगैर किसी भेदभाव के समाज हित में कार्य करने की शपथ ली। इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने समाज के उत्तरोत्तर विकास पर बल देते हुए कहा कि नए पदाधिकारियों को जो अवसर मिला है, उसे निभाना होगा। व्यक्ति के जीवन में एक अवसर जरूर मिलता है जिसका सदुपयोग करना चाहिए। इस दौरान भोलाराम साहू, राजेंद्र साहू, चंद्र कुमार साहू, भीखम साहू, राकेश साहू, सनत साहू, बलराम साहू, मोहन साहू, बृजभान साहू, डोमार सिंह साहू, नेतराम साहू, योगेश्वर साहू, नरेश साहू, जयंत साहू, अरविंद साहू सहित बड़ी संख्या में सामाजिक पदाधिकारी एवं सामाजिकजन उपस्थित थे।

## संस्कार का बीज व्यक्ति के आचरण पर निहित है : नारायण महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



स्व. द्वारकाराव बाबर की स्मृति में छत्रपति शिवाजी सांस्कृतिक मराठा मंगल भवन में बाबर परिवार द्वारा श्रीमद्भागवत पुराण कथा का आयोजन किया गया है। नारायण महाराज हैं। कथा श्रवण करने पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू, महापौर अर्चना चौबे, पूर्व पार्षद अनीता सोनकर पहुंची। कथा के द्वितीय दिवस नारायण महाराज ने नरसिंह अवतार, प्रहलाद चरित्र, विदुर नीति की कथा सुनाई। उन्होंने मनुष्य जीवन के सभी आश्रमों का वर्णन करते हुए कहा कि संस्कार का बीज व्यक्ति के आचरण पर निहित है। पूर्व विधायक रंजना साहू ने कहा कि धमतरी की धरा में निरंतर धार्मिक अनुष्ठान होते रहते हैं।

मानव जीवन में प्रभु की भक्ति में लीन रहना चाहते हैं तो समर्पण का भाव उस भक्ति में होना चाहिए, तभी हमारा मनुष्य जीवन सफल हो पाएगा। श्रीमद् भागवत महापुराण कथा मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करती है। कथा श्रवण कर अपने जीवन में चारितार्थ कर सकते हैं।

## पदोन्नति में आरक्षण, संवैधानिक अधिकारों के लिए आवाज बुलंद की

- छग अजजा शासकीय सेवक विकास संघ ने विधायक को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



छग अजजा शासकीय सेवक विकास संघ ने पदोन्नति में आरक्षण एवं विभिन्न संवैधानिक अधिकारों की मांग को लेकर जिला संरक्षक जीवराखनलाल मरई, जिलाध्यक्ष रोशनलाल देव, जिला उपाध्यक्ष गेवाराम नेताम, जिला सचिव उदय नेताम, तहसील अध्यक्ष धमतरी केआर नागवंशी, जिला सलाहकार वासुदेव भोई के मार्गदर्शन में विधायक ओंकार साहू को ज्ञापन सौंपा। पदाधिकारियों ने बताया कि संगठन की प्रमुख मांगों में छग लोकसेवा (पदोन्नति) नियम 2003 के नियम 5 को जब तक प्रतिस्थापित एवं अधिसूचित नहीं कर दिया जाता तब तक वर्ष 2019 की भांति संपूर्ण पदोन्नति प्रक्रिया में रोक लगाई जाए। उच्च न्यायालय बिलासपुर के निर्णय के अनुसार तत्काल कैडर वाइस मात्रात्मक डाटा एकजाई कर विधि सम्मत छत्तीसगढ़ लोक सेवा पदोन्नति नियम 2003 के नियम 5 पुनः प्रतिस्थापित कर यथाशीघ्र अधिसूचित किया जाए, छत्तीसगढ़ लोक सेवा पदोन्नति नियम 2003 में रोस्टर का प्रकार यथा पोस्ट बेस्ड रोस्टर का संचालित करने संबंधी स्पष्ट एवं परिणामिक वरिष्ठता का स्पष्ट प्रावधान करने, नए नियम को लागू कर बैकलॉग सहित समस्त पदों पर पदोन्नति का लाभ देने, फर्जी जाति प्रमाणपत्र धारियों के खिलाफ छानबीन समिति के विजिलेंस प्रभारी द्वारा एफआईआर दर्ज कर तत्काल कार्रवाई करने तथा बर्खास्तगी करने, पांचवीं अनुसूची क्षेत्र सरगुजा व बस्तर संभाग में तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के पदों पर स्थानीय स्तर पर भर्ती एवं आदिवासी हित से संबंधित विभिन्न मांगें शामिल हैं। विधायक ने संगठन की मांगों को सरकार तक मजबूती से पहुंचाकर पूरा कराने का भरोसा दिलाया। इस दौरान डुमन लाल ध्रुव, ढालूराम ध्रुव, घनश्याम नेताम, दौलत राम ध्रुव, गौतम पोटाई, चमेली नेताम, टीकाराम कोर्राम, टीकम सिंह ध्रुव, जितेंद्र नेताम, राधेश्याम ध्रुव, रामेश्वर ध्रुव, अक्षय कुमार नेताम सहित संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित थे।

## मानसून की धमक के साथ गंगरेल पर्यटन में आया बूम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



जिले में मानसून की धमक के साथ गंगरेल पर्यटन का सीजन शुरू हो गया है। रविवार को हजारों की संख्या में लोग गंगरेल पर्यटन का लुत्फ लेते नजर आये। इधर सालों से उपेक्षित मानव वन सैलानियों के लिए तैयार हो गया है। 1 जुलाई से मानव वन की तमाम एक्टीविटीज का लोग मजा ले सकेंगे।

20 जून को मानसून आगमन के साथ जिले का तापमान धड़ाम हो गया है। गर्मी से राहत मिलते ही गंगरेल पर्यटन फिर से गुलजार हो गया है। बरदिहा लेकव्यू रिसोर्ट के मैनेजर कैलाश राय ने बताया कि हुडन कॉटेज तथा स्वीस टेंट के लिए एडवांस में बुकिंग होने लगी है। मानसून आते ही प्रदेश के विभिन्न जिलों से पर्यटक गंगरेल की ओर रूख करने लगे हैं। वाटर स्पोर्ट्स के प्रभारी असकंध सिंह ने कहा कि गर्मी से राहत मिलते ही पर्यटक वाटर स्पोर्ट्स के लिए पहुंचने लगे हैं। रविवार को काफी संख्या में अनेक जिलों से सैलानियों की आमद हुई। फैमिली पर्यटक अधिक आये थे।

### 12 एक्टीविटीज के साथ एडवेंचर तैयार



हर्बल मानव वन रंग-रोगन के साथ अपडेट हो गया है। वन प्रबंधन समिति गंगरेल-मरादेव के अध्यक्ष कोमल साहू, सदस्य सुरेश खिष्टी, कलाबाई ने बताया कि हर्बल मानव वन को वन विभाग के माध्यम से नया लुक दिया जा रहा है। रोमांचक खेलों के लिए यहां का एडवेंचर तैयार हो गया है। एडवेंचर में 12 एक्टीविटीज होंगे जिसमें बर्मा ब्रीज, झीप लाइन, टायर ब्रीज, पटिया ब्रीज, रोप ब्रीज, मंकी रोप, जंपीन, बैलेंस, सीढ़ी रोप, टायर झूला, वाल क्लीमिंग, रेंपलीग शामिल है। इसके अलावा सतबहनी मार्ग, सप्तऋषि मार्ग, औषधि मानव वन, औषधि वाटिका, नक्षत्र वन, सौरमंडल, राशि वन आदि को आकर्षक रूप दिया गया है। मानव वन के गलियारों में छोटे-छोटे पत्थरों पर वन्य जीव, पशु-पक्षी का चित्रण किया गया है। वहीं अनेक सुविचारों का बोर्ड लगाया गया है।

### चिड़ियाघर का रोल समाप्त

मानववन में पर्यटकों के लिए छोटा चिड़ियाघर बनाया गया था। शुरूआत में यहां सैकड़ों तोते, मोर, खरगोश सहित अन्य प्रजाति के पक्षी रखे गए थे। धीरे-धीरे पक्षियों का अस्तित्व समाप्त हो गया। केवल मोर और खरगोश ही बच गये थे। 6 माह पहले तत्कालीन डीएफओ ने केन्द्रीय नियमों के मद्देनजर इसका संचालन बंद करा दिया। राष्ट्रीय पक्षी मोर को जंगल सफारी में भेजा जा चुका है।

### अंगारमोती मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता

रविवार को अंगारमोती मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। देवी के प्रमुख पुजारी ईश्वर नेताम ने बताया कि तापमान गिरने से बड़ी संख्या में श्रद्धालु विशेष मन्नत के लिए देवी दरबार पहुंचे। सुबह से लेकर देर शाम तक दर्शन के लिए लोगों का तांता लगा रहा।

## हरी सब्जियों के बढ़े दाम से जेब हो रही ढीली

- इतवारी बाजार अपडेट : करेला, ग्वारफली, गोभी 100 रूपए किलो बिका

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



जून माह लगते ही हरी सब्जियों के दामों में जबरदस्त उछाल आया है। जिन सब्जियों से रसोई की टोकरी भरी रहती थी अब वह खाली नजर आ रही है। हरी सब्जी खाने की मजबूरी ने लोगों को पावभर खरीदने के काबिल बना दिया। सब्जियों के दाम आसमान पर होने की वजह से घर का बजट गड़बड़ा गया है। सब्जियों के दाम सुनते ही लोगों के कान खड़े हो रहे हैं। कुछ ग्राहक ऐसे हैं, जो सब्जी खरीदे बिना ही वापस लौट गए। सब्जी व्यवसायियों का कहना है कि गर्मी सीजन की सब्जियां अब खत्म होने को हैं। बाड़ियों में नई फसल लग रही है। इसे बाजार में आने में डेढ़ माह लग जायेगा। तब तक सब्जियों के रेट चढ़े रहेंगे। चिल्हर बाजार में आने वाली हरी सब्जियां ज्यादातर फार्म हाउस की हैं, जिसके कारण रेट हाई है।

शहर के इतवारी बाजार में शाम 4 बजे ग्राहकों की काफी भीड़ नजर आई। मौसम खुशनुमा होने से गांव देहात से लोग बड़ी संख्या में खरीदारी करने बाजार पहुंचे थे। सब्जियों के बढ़े रेट ने उन्हें निराश किया। सब्जी विक्रेता धनसाय सोनकर, कोमल सोनकर ने बताया कि बाजार में मुनगा, अदरक, हरा धनिया 200 से 250 रूपए किलो बिका। करेला, ग्वारफली, गोभी, हरी मिर्च, शिमला मिर्च 100 रूपए किलो रहा। बरबटी, टमाटर, ढेंस 80 रूपए, कोचई, परवल, टिंडा, कटहल 60 रूपए किलो तो गाजर, कुंदरू, भिंडी, तोराई 50 रूपए किलो बिका। भटा, केला, पत्तागोभी, डोड़का, मूली 40 रूपए किलो रहा। कुम्हड़ा, लौकी 30 रूपए किलो बिका।

सब्जी खरीदने बाजार आए संदीप गुप्ता, विद्यावती साहू, अंजलि साहू ने बताया कि जो सब्जियां माह भर पहले सस्ती थी, वह बजट से बाहर हो गई है। सौ रूपए में अब दो टाइम की सब्जी नहीं बन रही है। दाम बढ़ने से घर का बजट बिगड़ गया है। महंगाई पहले से ही कमर तोड़ रखी है, ऐसे में हरी सब्जियों के दाम बढ़ने से संकट और बढ़ गया है। सरकार को खाद्य पदार्थों के दाम कम करने पर विचार करना चाहिए।

**किराना सामान के दाम उछाल पर**

बीते पखवाड़े भर से किराना सामानों के दाम बढ़ने लगे हैं। खासकर तेल, दाल और मसालों के रेट में 10 से 20 प्रतिशत तक इजाफा हुआ है। किराना व्यापारी देवकुमार रामजी भाई ने बताया कि आलू-प्याज के दाम धीरे-धीरे बढ़ रहे हैं। हर सप्ताह 5 से 10 रूपए बढ़ रहे हैं। रविवार को आलू 35 तो प्याज 40 रूपए प्रति किलो बिका। इस सप्ताह शक्कर 43, गुड़ 50, हल्दी 150-180, मिर्च 210-250, धनिया 100, जीरा 380, काली मिर्च 780, रिफाइंड तेल 110, लहसुन 190, सरसों 70, मेथी 85, राहर दाल 160-180, मूंग दाल 110, उड़द दाल 120, मसूर दाल 85, चना देशी 80, काबुली चना 110-140, मटर 100, चना दाल 90 रूपए किलो बिका। अंडा इस सपताह 75 रूपए दर्जन रहा।

## भाजपा गंगरेल मंडल ने रूद्री स्टेडियम में योग दिवस मनाया

**धमतरी।** भाजपा गंगरेल मंडल के अध्यक्ष उमेश साहू के नेतृत्व में ग्राम रुद्री के स्टेडियम में विश्व योग दिवस का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 300 लोगों ने योग किया। इस अवसर पर श्री साहू ने कहा कि योग भारत की पुरातन संस्कृति है जो आज पूरे विश्व को योग का ज्ञान दे रही है। योग के माध्यम से हम अपने शरीर व मन को स्वस्थ रखते हैं। आज तनाव भरे जीवन में 30 मिनट योग करके हम तनाव मुक्त हो सकते हैं। दुनिया के भीतर फैली हुई मानसिक अशांति को हम योग के ही माध्यम से दूर कर सकते हैं। मौके पर भाजपा जिला महामंत्री अविनाश दुबे, महिला मोर्चा जिला महामंत्री मोनिका देवांगन समेत अन्य मौजूद थे।

## बेकाबू वाहन की ठोकर से बुजुर्ग की मौत, चालक पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

चारामा थानांतर्गत मेन रोड दरगाहन के पास तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बुजुर्ग को गंभीर चोट आई और उसकी मौत हो गई। मृतक अपने छोटे बेटे को देखने के लिए चारामा अस्पताल गया हुआ था। बेटे को देखकर वापिस अपने घर जा रहा था, तभी हादसा हो गया, जिसमें उसकी जान चली गई। मृतक के बड़े बेटे ने चारामा थाना में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराया है। थाना में शिकायत करने पहुंचे सिरसिदा निवासी 40 वर्षीय भुनेश्वर मंडावी पिता जयलाल मंडावी ने पुलिस को बताया कि उसके छोटे भाई दिनेश्वर मंडावी का स्वास्थ्य खराब होने के कारण चारामा अस्पताल में भर्ती किया गया है। छोटे भाई को देखने के लिए 22 जून को मेरे पिता 60 वर्षीय जयलाल मंडावी पिता माहरू राम मंडावी सिदसिदा से चारामा अस्पताल गए थे। भाई को देखकर वापिस घर सिरसिदा आ रहा था, तभी दोपहर पौने 3 बजें ग्राम दरगहन मेन रोड के पास पुरी से चारामा की ओर आ रही आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 04 डीए 2883 के चालक द्वारा वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर ठोकर मारकर एक्सीडेंट करने से मेरे पिता जयलाल मंडावी के दोनों पैर, हाथ एवं पेट में चोट लगने से मौत हो गया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 279, 304 (ए) आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।







मान. विष्णुदेव साय जी
पूर्व मंत्री एवं कुरूद विधायक,
बड़े भैय्या
श्री अजय चन्द्राकर जी
को जन्म दिवस की
हार्दिक बधाईयाँ
एवं बहुत बहुत शुभकामनाएं
श्री अजय चंद्राकर जी
पूर्व मंत्री / विधायक कुरूद
श्री प्रकाश बैस
भाजपा जिला अध्यक्ष धमतरी
: सौजन्य :
सर्व वर्ग हिताय ग्रुप नगरी (छ.ग.)
(मौत आने से पहले जीना है)
महेश उरॉव
मार्गदर्शक
गोपी कश्यप
संयोजक एवं संगठन प्रमुख
सुरेश नेताम
अध्यक्ष
सर्व वर्ग हिताय ग्रुप नगरी छग के समस्त पदाधिकारीगण
प्रेमनारायण सिन्हा
उपाध्यक्ष
घनश्याम नेताम
उपाध्यक्ष
जालमसिंग पटेल
सचिव
कुलदीप साहू
कोषाध्यक्ष
सिद्धिविनायक कश्यप
सोशल मीडिया प्रभारी
लोकेश मरकाम
मीडिया प्रभारी
जितेंद्र मंडावी
व्यवस्था प्रभारी
मोहित साहू
प्रचार प्रसार प्रभारी
विजयालक्ष्मी कश्यप
महिला विंग प्रमुख
चमेली साहू
महिला प्रभारी
लेखनी साहू
महिला प्रभारी